नामांक Roll No. | | | | | | |

Question Booklet No.

No. of Questions – 20

No. of Printed Pages – 15

SS-29-Sociology

उच्च माध्यमिक पूरक परीक्षा, 2026

SENIOR SECONDARY SUPPLEMENTARY EXAMINATION, 2026

समाजशास्त्र

SOCIOLOGY

समय : 3 घण्टे 15 मिनट

पूर्णांक : 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्नपत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।
   Candidate must write first his/her Roll No. on the question paper compulsorily.

2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।
   All the questions are compulsory.

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।
   Write the answer to each question in the given answer-book only.

4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।
   For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

5) प्रश्न पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपांतरण में किसी प्रकार की त्रुटि / अंतर / विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें ।

   If there is any error / difference / contradiction in Hindi and English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

6) प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।

   Write down the serial number of the question before attempting it.

7) प्रश्न क्रमांक **14** से **20** में आंतरिक विकल्प है ।

   In Question Nos. **14** to **20** each have internal choice.

खण्ड – अ

SECTION – A

1. बहुविकल्पीय प्रश्न (i से xviii) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चुनकर उत्तर पुस्तिका में लिखिए ।

Choose the correct answer from multiple choice questions (i to xviii) and write in the given answer book.

i) जनसंख्या विस्फोट क्यों होता है ? **[1]**

अ) मृत्युदर में कमी

ब) रोग नियंत्रण

स) बेहतर पोषण

द) उपर्युक्त सभी

Why does population explosion occur ?

A) Decreased mortality rate

B) Disease control

C) Better nutrition

D) All of the above

ii) 'कास्ट एण्ड रेस इन इण्डिया' पुस्तक के लेखक कौन है ? **[1]**

अ) जी. एस. घुर्ये   ब) आंद्रे बेटेइल

स) लुई डयूमा   द) एम.एन. श्रीनिवास

Who is the author of the book 'Caste and Race in India' ?

A) G. S. Ghurye   B) Andre Beteille

C) Louis Dumont   D) M. N. Srinivas

iii) किनके अनुसार बाजार एक सामाजिक संस्था है ? **[1]**

अ) अर्थशास्त्री

ब) राजनीतिशास्त्री

स) समाजशास्त्री

द) इतिहासकार

Who considers the market as a social institution ?

A) Economists

B) Political scientists

C) Sociologists

D) Historians

iv) धोराई गाँव के साप्ताहिक बाजार में मुख्यत: कौन-सी वस्तुओं का विनिमय होता है ? **[1]**

अ) बनी-बनाई वस्तुएँ (जैसे गहने और पायलें, बर्तन, चाकू)

ब) जंगल के उत्पाद (जैसे इमली, तिलहन)

स) खेतिहर उत्पाद व बनी-बनाई वस्तुएँ (जैसे बाँस की टोकरी)

द) उपर्युक्त सभी

What are the major goods exchanged at the weekly market in Dhorai Village ?

A) Manufactured goods (such as jewellery and anklets, pots, knives)

B) Forest products (such as tamarind, oil-seeds)

C) Agricultural products and manufactured items (such as bamboo baskets)

D) All of the above

v) निम्नलिखित में से सामाजिक पूँजी का रूप कौन-सा है ? **[1]**

अ) भौतिक संपत्ति व आय

ब) प्रतिष्ठा

स) सामाजिक संगति एवं संपर्क

द) शैक्षणिक योग्यता

Which of the following is a form of social capital ?

A) Material assets and income

B) Status

C) Social associations and contacts

D) Educational qualifications

vi) भारत में फूट डालो और शासन करो की नीति किसने अपनायी ? **[1]**

अ) समाज सुधारकों ने

ब) राष्ट्रवादी नेताओं ने

स) औपनिवेशिक शासन ने

द) क्रांतिकारियों ने

Who adopted the policy of divide-and-rule in India ?

A) Social reformers

B) Nationalist leaders

C) Colonial rule

D) Revolutionaries

vii) भारत में पूँजीवाद के विकास के कारण उपनिवेशवाद पर क्या प्रभाव पड़ा ? **[1]**

अ) कमजोर हुआ

ब) प्रबल हुआ

स) समाप्त हो गया

द) इनमें से कोई नहीं

What impact did the development of capitalism have on colonialism in India ?

A) Weakened

B) Strengthened

C) Ended

D) None of these

viii) समाजशास्त्री सतीश सबरवाल ने औपनिवेशिक भारत में आधुनिक परिवर्तन के कौन-से पहलुओं की विवेचना की ? **[1]**

अ) संचार के माध्यम

ब) संगठन के स्वरूप

स) विचारों की प्रकृति

द) उपर्युक्त सभी

Sociologist Satish Saberwal elaborates which aspects of modern change in colonial India ?

A) Modes of communication

B) Forms of organisation

C) The nature of ideas

D) All of the above

ix) राज्यों में त्रि-स्तरीय पंचायती राज प्रणाली लागू करने के लिए न्यूनतम जनसंख्या आधार क्या रखा गया है ? **[1]**

अ) 01 लाख
ब) 03 लाख
स) 05 लाख
द) 20 लाख

What is the minimum population base for implementing the three-tier Panchayati Raj system in the states ?

A) 01 Lakh
B) 03 Lakh
C) 05 Lakh
D) 20 Lakh

x) भारत में 'हरित क्रांति' कब प्रारंभ हुई ? **[1]**

अ) 1920-30 का दशक
ब) 1940-50 का दशक
स) 1960-70 का दशक
द) 2010-20 का दशक

When did the 'Green Revolution' begin in India ?

A) 1920s-30s
B) 1940s-50s
C) 1960s-70s
D) 2010s-20s

xi) भूहदबंदी अधिनियम निम्नलिखित में से किस पर आधारित था ? **[1]**

अ) भूमि के प्रकार
ब) उपज
स) अ) व ब) दोनों
द) इनमें से कोई नहीं

The Land Ceiling Act was based on which of the following ?

A) Kind of land
B) Productivity
C) Both A) and B)
D) None of these

xii) अंग्रेजों ने जमीन पर नियंत्रण के अधिकार किसको दिए ? **[1]**

अ) कृषक　　ब) नौकरशाह

स) महिला　　द) जमींदार

To whom did the British give the rights to control the land ?

A) Peasants　　B) Bureaucrats

C) Women　　D) Zamindars

xiii) भारत में 2018-19 में कितने प्रतिशत लोग व्यापार, होटल व रेस्तोरांट में रोजगार कर रहे थे ? **[1]**

अ) 42.5%　　ब) 0.4%　　स) 12.6%　　द) 50.5%

What percentage of people in India were employed in trade, hotel and restaurant in 2018-19 ?

A) 42.5%　　B) 0.4%　　C) 12.6%　　D) 50.5%

xiv) 'टाइम्स ऑफ इण्डिया' समाचार पत्र में 'टाइम्स एसेन्ट' नाम से विशिष्ट पृष्ठ किस दिन प्रकाशित होता है ? **[1]**

अ) सोमवार　　ब) बुधवार

स) शुक्रवार　　द) रविवार

On which day, is published a special page called 'Times Ascent' in the 'Times of India' newspaper ?

A) Monday　　B) Wednesday

C) Friday　　D) Sunday

xv) पाणिनी मूलत: कहाँ के निवासी थे ? **[1]**

अ) अफगान मूल　　ब) ईरान मूल

स) अमेरिका मूल　　द) चीन मूल

Where was Panini originally a resident of ?

A) Afghan origin　　B) Iran origin

C) America origin　　D) China origin

xvi) ट्रांजिस्टर क्रांति का संबंध किसके साथ है ? **[1]**

अ) समाचार पत्र
ब) फ्रांसीसी क्रांति
स) रेडियो
द) रूसी क्रांति

Transistor revolution is associated with

A) Newspapers
B) French Revolution
C) Radio
D) Russian Revolution

xvii) सामाजिक आंदोलन के प्रमुख लक्षण है **[1]**

अ) संगठन
ब) नेतृत्व
स) विचारधारा
द) उपर्युक्त सभी

What are the main characteristics of a social movement ?

A) Organization
B) Leadership
C) Ideology
D) All of the above

xviii) रंगभेद के विरुद्ध संघर्ष कौन-से देश में हुआ ? **[1]**

अ) भारत
ब) रूस
स) जापान
द) दक्षिण अफ्रीका

In which country did the struggle against apartheid take place ?

A) India
B) Russia
C) Japan
D) South Africa

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

Fill in the blanks :

i) साप्ताहिक बाजार आस-पास के ____________ के लोगों को एकत्रित करता है। **[1]**

The weekly market brings together people of surrounding __________.

ii) राममोहन राय ने सतीप्रथा का विरोध मानवतावादी, नैसर्गिक अधिकारों के सिद्धांत तथा ____________ शास्त्रों के आधार पर किया । **[1]**

Rammohan Roy attacked the practice of Sati on the basis of humanitarianism, natural rights doctrine and ____________ Shastras.

iii) एम.एन. श्रीनिवास ने बड़ी संख्या वाली भूस्वामी जातियों को ____________ जाति कहा । **[1]**

M.N. Srinivas called the large number of and landowner castes as____________ caste.

iv) भारत अभी भी एक ____________ प्रधान देश है । **[1]**

India is still largely an ____________ Country.

v) नाइके कंपनी की स्थापना ____________ के दशक में हुई । **[1]**

The Nike Company was founded in the ____________

vi) 1857 का गदर या विद्रोह भारतीय राष्ट्रवादियों के लिए स्वतंत्रता का ____________ प्रथम संग्राम था । **[1]**

The Mutiny or Rebellion of 1857 was the first war of independence for Indian nationalists

3. अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न :

Very short answer questions :

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** पंक्ति में दीजिए ।

Give the answer of following questions in **one** line.

i) 'राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017' में वर्ष 2025 तक कुल प्रजनन दर का लक्ष्य क्या रखा गया ? **[1]**

What is the target of total fertility rate by the year 2025 as per the 'National Health Policy 2017' ?

ii) भारतीय अर्थव्यवस्था में उदारीकरण की नीति किस दशक में शुरू हुई ? **[1]**

In which decade did the policy of liberalization in Indian economy begin ?

iii) भारतीय संदर्भ में वीर प्रजाति, कायर/पौरुषहीन तथा चालाक/दगाबाज के रूप में जातीय पूर्वाग्रह किसकी देन है ? **[1]**

In the Indian context who is responsible for the racial prejudices in the form of martial races, effeminate/cowardly and cunning/untrustworthy ?

iv) गाँधीजी ने अस्पृश्य जातियों को किस नाम से पुकारना शुरू किया ? **[1]**

By what name did Gandhiji start calling the untouchable castes ?

v) 73 वाँ संविधान संशोधन कब पारित हुआ ? **[1]**

When was the 73^{rd} Constitutional Amendment passed ?

vi) तेलुगु भाषा में रैयत का क्या अर्थ होता है ? **[1]**

What does raiyat mean in Telugu Language ?

vii) हरित क्रांति की प्रथम लहर किन क्षेत्रों में चली ? **[1]**

In which areas did the first wave of Green Revolution take place ?

viii) भूमि अधिग्रहण के कारण विस्थापित किसानों में से आदिवासियों की संख्या कितने प्रतिशत है ? **[1]**

What is the percentage of tribals among the farmers displaced due to land acquisition ?

ix) भारत में आयात पर लगे सभी प्रकार के परिमाणात्मक प्रतिबंधों (QRs) को कब खारिज कर दिया गया ? **[1]**

When were all types of Quantitative Restrictions (QRs) on imports into India abolished ?

x) 19 वीं सदी के मध्य में समाचार पत्रों के जन-जन तक पहुँचने का क्या कारण था ? **[1]**

What was the reason for newspapers reaching the mass audience in the mid 19th century ?

xi) जनसंचार माध्यम (मास मीडिया) का कोई एक उदाहरण लिखिए । **[1]**

Mention any one example of mass media.

xii) संयुक्त राज्य अमेरिका में 1950 व 1960 के दशकों में कौन-सा आंदोलन चलाया गया ? **[1]**

Which movement was launched in the United States in the 1950s and 1960s ?

खण्ड – ब

SECTION – B

लघुत्तरात्मक प्रश्न :

Short answer questions :

4. जनसांख्यिकीय संक्रमण सिद्धांत का अर्थ बताइए । **[2]**

Explain the meaning of demographic transition theory.

5. 'जाति एक अन्तर्विवाही समूह है,' इसका अर्थ बताइए । **[2]**

'Caste is an endogamous group' explain its meaning.

6. जनजातीय क्षेत्रों में साप्ताहिक बाजार में औपनिवेशिक नियंत्रण के कारण क्या परिवर्तन हुए ? कोई दो लिखिए । **[1+1=2]**

What changes did occur due to colonial control in weekly market in tribal areas ? Write any two.

7. भाषा किस प्रकार नृजातीय-राष्ट्रीय पहचान का साधन बन जाती है ? लिखिए । **[2]**

How does language become an instrument of ethno-national identity ? Write.

8. पूर्व-पूँजीवादी साम्राज्य व ब्रिटानी उपनिवेशवादी शासन में कोई एक मुख्य अंतर लिखिए । **[2]**

Write any one main difference between pre-capitalist empire and British colonial rule.

9. पूँजीवाद से क्या तात्पर्य है ? **[2]**

What is meant by capitalism ?

10. पश्चिमीकरण को परिभाषित कीजिए । **[2]**

Define Westernization.

11. 'उदारीकरण' व 'निजीकरण' के कोई दो प्रभाव लिखिए । **[1+1=2]**

Write any two effects of liberalization and privatization.

12. भारतीय संदर्भ में आर्थिक सुधार से क्या तात्पर्य है ? **[2]**

What is meant by economic reform in the Indian context ?

13. विश्व में मौलिक परिवर्तन लाने वाले किन्हीं दो सामाजिक आंदोलनों के नाम लिखिए । **[1+1=2]**

Name any two social movements that brought about fundamental changes in the world.

खण्ड – स

SECTION – C

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न :

Long answer questions :

14. 'वर्ण' तथा 'जाति' के मध्य आपसी संबंध का संक्षिप्त वर्णन कीजिए । **[3]**
Briefly describe the relationship between 'varna' and 'caste'.

अथवा/OR

जाति की कोई तीन विशेषताओं को उदाहरण के साथ संक्षेप में समझाइए । **[1+1+1=3]**

Briefly explain any three characteristics of caste with examples.

15. उन पूर्वाग्रहों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए जो भारत में औपनिवेशिक शासन की देन है । **[3]**

Briefly describe the prejudices that are result of colonial rule in India.

अथवा/OR

आर्थिक पूँजी, सांस्कृतिक पूँजी तथा सामाजिक पूँजी का संक्षिप्त वर्णन कीजिए । **[1+1+1=3]**

Briefly describe the economic capital, cultural capital and social capital.

16. सामाजिक परिवर्तन की प्रक्रिया के रूप में पश्चिमीकरण का संक्षेप में समझाइए । **[3]**

Briefly explain Westernization as a process of social change.

अथवा/OR

किन्हीं तीन आधारों पर संस्कृतिकरण की प्रक्रिया की आलोचना कीजिए । **[1+1+1=3]**

Criticize the process of Sanskritization on any three grounds.

17. 19 वीं सदी के राष्ट्रवादी समाचार पत्रों को औपनिवेशिक सरकार की अप्रसन्नता क्यों सहनी पड़ी ? अपने शब्दों में संक्षिप्त वर्णन कीजिए । **[3]**

Why did 19^{th} Century nationalist newspapers suffer the displeasure of the colonial government ? Briefly describe in your own words.

अथवा/OR

स्वतंत्र भारत के प्रारंभिक वर्षों में मास मीडिया की भूमिका का संक्षिप्त वर्णन स्वयं के शब्दों में कीजिए । **[3]**

Briefly describe the role of mass media in the early years of independent India in your own words.

खण्ड – द
SECTION – D

निबंधात्मक प्रश्न (**200** शब्द) :
Essay type questions (**200** words) :

18. जनसंख्या की आयु संरचना से क्या तात्पर्य है ? विश्लेषण कीजिए कि क्या बढ़ता हुआ पराश्रितता अनुपात किसी भी देश के लिए चिंता का कारण हो सकता है ? **[1+3=4]**
What is meant by the age structure of the population ? Analyze whether a rising dependency ratio should be a cause of concern for any country ?

अथवा/OR

लिंगानुपात (स्त्री–पुरुष अनुपात) किसे कहते हैं ? आपकी राय में क्या माता–पिता आज भी बेटी की तुलना में बेटे को अधिक पसंद करते हैं? कारण बताइए । **[1+3=4]**
What is sex-ratio ? Do you think parents still prefer to have son rather than daughter ? Give reasons.

19. भारत में क्षेत्रवाद के प्रमुख कारक कौन–से हैं ? 2000 में गठित तीन नए राज्यों के निर्माण में किन कारकों ने प्रमुख भूमिका निभाई ? विश्लेषण कीजिए । **[1+3=4]**
What are the major factors of regionalism in India ? What factors played major role in the creation of three new states in 2000 ? Analyze.

अथवा/OR

'नागरिक समाज' किसे कहते हैं ? नागरिक समाज संगठनों के कुछ वर्तमान क्रियाकलापों का विश्लेषण कीजिए । **[1+3=4]**
What is civil society ? Analyze some current activities of civil society organizations.

20. 73 वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 का विश्लेषण कीजिए । **[4]**
Analyse the 73rd Constitutional Amendment Act, 1992.

अथवा/OR

राजनीतिक दल व हित समूह के आपसी संबंधों का विश्लेषण कीजिए । **[4]**
Analyze the relationships between political party and interest group.

DO NOT WRITE ANYTHING HERE